उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 15 /07/कम्प्यू0अनु0(बारह)/2019-22/01-परीक्षा/2019

लखनऊ : दिनांक : 04 मई, 2022

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2019, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधीन रिक्त 672 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा (मुख्य) के आधार पर अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये कुल 1861 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण आयोजित किये जाने सम्बन्धी सूचना संख्या-08/07/कम्प्यू0अनु0(बारह)/2019-22/01-परीक्षा/2019, दिनांक 21-04-2022 को जारी की गयी थी।

2- उपर्युक्त सूचना के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनका अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण दिनांक 11-05-2022 से 26-05-2022 तक दो पालियों (प्रथम पाली 10:00 AM एवं द्वितीय पाली 01:00 PM ) में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

3- अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों के Document Verification Letter, वरीयता प्रपत्र व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए है। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य प्रपत्र Download कर सकेंगे।

4- संबन्धित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखों का परीक्षण नहीं हुआ है, अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखों का परीक्षण/सत्यापन किया जायेगा। अतः अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य प्रपत्रों के साथ ही सूचना के संलग्न स्वघोषणा-पत्र प्रिंट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

5- उपर्युक्त अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु निर्धारित तिथियों में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि कोविड-19 महामारी अथवा अन्य किसी उचित कारण से, यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा आयोग को यथासमय दी जाती है, तो आयोग की अनुमति के उपरान्त उसे दिनांक 26-05-2022 को उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। तदुपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु पृथक से अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

04/05/2022
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।**
<u>विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2019</u>
<u>सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2019</u>
<u>स्व घोषणा–पत्र</u>

अनुक्रमांक– ..............................................
अर्हता/अभिलेख परीक्षण की तिथि– ..................................................
01–मैं मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग कर रहा हूँ और मेरे पास पानी की बोतल है।

02–मैं खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत, गंध या स्वाद की हानि जैसे लक्षण का अनुभव नहीं कर रहा हूँ।
03–मैं कार्यालय परिसर में अनावश्यक विचरण नहीं करूँगा और न ही यत्र–तत्र थूकूँगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर.................................

पंजीकरण संख्या....................................

*जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए।

प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क द्वारा भरा जाए–
01–परीक्षण की तिथि .................................. व समय ............................
02–अभ्यर्थी के शरीर का तापमान–............................
03–अभ्यर्थी का ऑक्सीजन स्तर–...............................

हस्ताक्षर........................................................
नाम प्रभारी ..................................................
**प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क**

टेबल सं0

| |
|---|
| |